दिन—मंगलवार    दिनांक— 16 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।    अवधिः— 15 मिनट

---

01. वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या। मामले की जांच के लिए दरभंगा ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित।

02. प्रवर्तन निदेशालय— ईडी की टीम ने आय से अधिक सम्पति मामले में राजद के पूर्व विधायक गुलाब यादव के पटना, पुणे और मधुबनी स्थित ठिकानों पर छापेमारी की।

03. केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से पुलिस स्टेशनों में गवाहों से पूछताछ न करने के लिए कहा।

04. और, गंगा, गंडक, बागमती, कोसी और परमान नदी के जलस्तर में उतार—चढ़ाव जारी। नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कटाव से लोगों की परेशानी बढ़ी।

————————————————————————————

विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दरभंगा जिले के बिरौल थाना क्षेत्र के सुपौल स्थित उनके आवास से शव बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ रेड्डी जला रेड्डी ने बताया कि एफएसएल की टीम ने मौके वारदात से साक्ष्य इकट्ठा किये हैं। श्री रेड्डी ने कहा कि हत्याकांड के कारणों का पता लगाने के लिए सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। इधर, एडीजी पुलिस मुख्यालय जे. एस. गंगवार ने कहा कि पूरे मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी का नेतृत्व दरभंगा ग्रामीण के एसपी और बिरौल के एसडीपीओ को दिया गया है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री गंगवार ने कहा कि इस संबंध में सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

———बाईट———

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीतन सहनी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री कुमार ने कहा कि जीतन सहनी की हत्या अत्यंत दुखद घटना है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ने वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी से फोन पर बात कर उन्हें सांत्वना दी।

————————————————————————————

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि इस निर्मम हत्याकांड के दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस मामले में त्वरित कार्रवाई कर दोषियों को शीघ्र सजा दिलवाने का काम करेगी।

———बाईट———

————————————————————————————————————

इधर, जीतन सहनी की हत्या को लेकर मुख्य विपक्षी दल राजद ने राज्य सरकार पर सवाल खड़े किये हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति अत्यंत खराब है और लोग अपराधियों के खौफ में जी रहे हैं। उन्होंने हत्याकांड की त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

———बाईट———

————————————————————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय– ईडी की टीम ने आय से अधिक सम्पति मामले में आज राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व विधायक गुलाब यादव के पटना, पुणे और मधुबनी स्थित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार ईडी के अधिकारियों ने मधुबनी के झंझारपुर में गुलाब यादव के पैतृक निवास से कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किये हैं। टीम ने पटना और पुणे स्थित विभिन्न ठिकानों से भी चल अचल सम्पति से जुड़े कई कागजात और बैंक खाते से जुड़े दस्तावेज बरामद किये हैं। गुलाब यादव ने दो हजार पन्द्रह में झंझारपुर विधानसभा सीट से चुनाव जीता था। इस साल वे बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़े। लेकिन हार गये। इधर, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस के पटना स्थित ठिकानों पर भी ईडी की टीम ने छापेमारी की।

————————————————————————————————————

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो –सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी पंकज सिंह को पटना से गिरफ्तार किया गया है। यह झारखंड के बोकारो का निवासी है जिसपर हजारीबाग स्थित राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के केन्द्र से नीट–यूजी परीक्षा का पेपर चुराने का आरोप है। वहीं दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी हजारीबाग से हुई है। सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में अब तक हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य और सह–प्रधानाचार्य सहित चौदह लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई तथा कई राज्यों की पुलिस इस मामले में राष्ट्रीय स्तर के गिरोह की पड़ताल कर रही हैं।

————————————————————————————————————

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि पुलिस स्टेशनों और पुलिस विभाग के नियंत्रण वाले स्थानों को गवाहों से पूछताछ के लिए निर्धारित नहीं किया जाना चाहिए। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, दो हजार तेईस के अंतर्गत सभी पुलिस स्टेशनों को ऑडियो–वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से गवाहों से पूछताछ के लिए एक निर्दिष्ट स्थान की पहचान करने के लिए कहा गया है।

———————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन उन्नीस जुलाई से बाईस जुलाई तक करेगा। आयोग के अध्यक्ष रवि मनुभाई परमार ने पटना में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सत्ताईस जिलों में चार सौ चार केन्द्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा में छह लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे।

———————————————————————————————

नेपाल के तराई वाले क्षेत्रों और राज्य के विभिन्न नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में वर्षा के कारण गंगा, गंडक, बागमती, कोसी और परमान नदी के जलस्तर में विभिन्न स्थानों पर उतार–चढ़ाव जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, मुंगेर, भागलपुर और कहलगांव में बढ़ रहा है। वहीं, गंडक नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के रेवाघाट, गोपालगंज के डुमरियाघाट में भी खतरे के निशान से लगभग एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया। बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में मुजफ्फरपुर के अहिरवलिया और सिकन्दरपुर तथा समस्तीपुर और खगड़िया में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इधर, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर बह रही है। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से अभी भी उनासी सेंटीमीटर ऊपर बह रही है जबकि परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से साठ सेंटीमीटर ऊपर है। हालांकि सभी नदियों के जलस्तर में कमी की प्रवृति देखी जा रही है।

———————————————————————————————

पूर्णियां के बायसी अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में महानंदा, कनकई और परमान नदी की बाढ़ से एक बड़ी आबादी प्रभावित हुई है। कई इलाकों में सड़क सम्पर्क बाधित हुआ है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

पूर्णिया के बायसी अनुमंडल के तीनों प्रखंड बायसी, अमौर और बाईसा की 20 से अधिक पंचायत बाढ़ से प्रभावित हैं। यहां महानंदा, कंकाई और परमान नदी ने निचले इलाकों में फिर से तबाही मचाना प्रारंभ कर दिया है। घरों में पानी घुस आने से लोगों का ऊंचे स्थानों पर पलायन हो रहा है। हालांकि जिला प्रशासन की बाढ़ पूर्व तैयारी से लोगों को राहत मिली है। लोगों और पशुओं के आश्रय स्थल का चयन कर वहां टेंट की व्यवस्था और खाने–पीने के प्रबंध किए जा रहे हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है। नदी किनारे बसे कई पंचायत में कटाव से भी संकट खड़ा हो गया है।
आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

सहरसा जिले में अधिकतर स्थानों पर बाढ़ का पानी निकल गया है, लेकिन अब लोगों को नदी के कटाव से घर–बार बर्बाद होने का डर सताने लगा है। हमारी संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

जिले में बाढ़ की स्थिति में तेज़ी से सुधार हो रहा है लेकिन जलस्तर में कमी के बाद अब लोगो को कटाव के संकट का सामना करना पड़ रहा है । महिषी दक्षिणी पंचायत अन्तर्गत कोठिया के वार्ड नम्बर 1 और 2 के समीप कोसी नदी के कटाव से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पिछले दो दिन से कोठिया के समीप कटाव तेज़ हो गया है । ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते अगर कटाव रोधी कार्य नहीं किया गया तो शीघ्र ही गांव नदी में विलीन हो जाएगा। इधर,चानन पंचायत के चानन–सिसवा, बलदही सहित अन्य गांव के आसपास उपजाऊ भूमि में कटाव का खतरा मंडराने लगा है। खासकर चानन पंचायत के चानन वार्ड नंबर 9 एवं 10 के समीप कोसी नदी का कटाव शुरू है। कोसी नदी के कटाव से चानन पंचायत के डेंगराही, चानन, सिसवा में कटाव से गांव और टोले प्रभावित हैं ।
आकाशवाणी समाचार के लिए सहरसा से आरती कुमारी

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बारिश में आई कमी से विभिन्न जिलों में बाढ़ की स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ है। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया कि ऊंचे स्थानों से बाढ़ का पानी निकल गया है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

कोसी नदी के जलस्तर में उतार चढ़ाव जारी है। जिले के पांच प्रखंड सुपौल सदर, किशनपुर, सरागगढ़–भपटियाही, मरौना और निर्मली के कई गांवों के निचले इलाके में बाढ़ का पानी अभी भी जमा है। जबकि ऊंचे स्थानों से बाढ़ का पानी निकल गया है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी कोसी नदी के तटबंधों की निगरानी कर रहे हैं। इधर दवाब वाले स्पर को चिहिंत कर वहां निरोधात्मक कार्य किए जा रहे हैं। कोसी कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार आज शाम 4 बजे तक भीमनगर कोसी बराज से 1 लाख 86 हजार 725 क्यूसेक पानी बढ़ते क्रम में छोड़ा गया है। जबकि नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र बराह से 1 लाख 52 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे कई स्थानों पर नदी के जलस्तर में फिर से बढोतरी की आशंका है।
आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रवीशंकर चौधरी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश के विभिन्न भागों में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की सक्रियता कमजोर पड़ गयी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में प्रदेश के उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों को छोड़कर अधिकांश भाग में मौसम शुष्क रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों तक

राज्य के दक्षिण–पूर्व, उत्तर–पूर्व, उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

———————————————————————————————

इमाम हुसैन की कर्बला के मैदान में शहादत की याद में योमे आशुरा कल मनाया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा अलम जुलूस और ताजिया जुलूस निकाले जायेंगे। मुहर्रम के अवसर पर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या। मामले की जांच के लिए दरभंगा ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित।

02. प्रवर्तन निदेशालय– ईडी की टीम ने आय से अधिक सम्पति मामले में राजद के पूर्व विधायक गुलाब यादव के पटना, पुणे और मधुबनी स्थित ठिकानों पर छापेमारी की।

03. केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से पुलिस स्टेशनों में गवाहों से पूछताछ न करने के लिए कहा।

04. और, गंगा, गंडक, बागमती, कोसी और परमान नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी। नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कटाव से लोगों की परेशानी बढ़ी।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।